RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 23 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 91 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक


Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## रायगढ़ लैंडस्लाइड में अनाथ हुए सभी

# बच्चों को गोद लेंगे CM शिंदे

मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उन बच्चों को गोद लेंगे, जिन्होंने राज्य के रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में हाल ही में हुए भूस्खलन में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है. शिवसेना ने कहा ह्यइरशालवाड़ी भूस्खलन में कई बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है. सीएम एकनाथ शिंदे ने इन बच्चों को गोद लेने और उनके अभिभावक बनने की घोषणा की है. सीएम ने घोषणा की है कि 2 साल से 14 साल की उम्र के इन अनाथ बच्चों की देखभाल श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा की जाएगी.'



सीएम एकनाथ शिंदे के ओएसडी मंगेश चिवटे ने कहा 'शिक्षा और अन्य चीजों पर सारा खर्च सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे द्वारा संचालित श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा. प्रत्येक बच्चे की शिक्षा के लिए एक फिक्स्ड डिपॉजिट की जाएगी.' इस बीच, इरशालवाड़ी भूस्खलन घटना में मरने वालों की संख्या 25 तक पहुंच गई है. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने शनिवार को रायगढ़ के भूस्खलन प्रभावित इरशालवाड़ी में अपना खोज और बचाव अभियान जारी रखा. NDRF की एक टीम आज सुबह घटनास्थल पर पहुंची और आज बाद में और टीमों के खोज अभियान में शामिल होने की उम्मीद है. मुंबई से लगभग 80 किमी दूर रायगढ़ जिले की खालापुर तहसील में पहाड़ी ढलान पर स्थित आदिवासी गांव में बुधवार रात करीब 11 बजे भूस्खलन हुआ. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को त्रासदी स्थल का दौरा किया और राहत और बचाव प्रयासों का जायजा लिया. अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की. घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री शिंदे से बात की. शाह ने कहा कि बचाव अभियान को संभालने के लिए NDRF की चार टीमों को तैनात किया गया है.

# महाराष्ट्र में बारिश से कोहराम...!

## पालघर समेत इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी... क्या है मुंबई का हाल?





**मुंबई :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मौसम विभाग ने मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में रविवार के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इससे पहले दिन में महाराष्ट्र में यवतमाल जिले के महागांव तालुका में भारी बारिश के बाद बाढ़ में फंसे 45 लोगों को बचाने के लिए नागपुर से एक एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को बुलाया गया था।

**भारी बारिश से कई इलाके जलमग्न**

यवतमाल में शुक्रवार रात हुई भारी बारिश की वजह से जिले के कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए और शनिवार को भी कई घरों में पानी घुस गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रात में लगभग चार घंटे तक बारिश हुई और जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि सड़कों पर पानी भर गया और घरों में भी घुस गया है।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य ने मुंबई के उद्यमी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी...



**मुंबई :** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य ने मुंबई के एक उद्यमी को कथित रूप से फोन कर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दिंडोशी पुलिस ने माल्दा निवासी उद्यमी से मिली तहरीर के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा, तहरीर के अनुसार पीड़ित को बृहस्पतिवार रात एक अनजान नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया।

# अजित पवार जल्द बनेंगे महाराष्ट्र के सीएम?

## एक ट्वीट से चर्चा शुरू... पीएम मोदी से मिले शिंदे



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति काफी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। अब एनसीपी नेता के एक दावे से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि राज्य की राजनीति में एक और बड़ा उलटफेर होने वाला है। दरअसल एनसीपी विधायक अमोल मिटकरी ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने जल्द ही अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने की बात कही है।

**महाराष्ट्र में जल्द होगा अजित पर्व**

बता दें कि अजित पवार शनिवार को अपना 64वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर पूरे महाराष्ट्र में अजित पवार के समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए होर्डिंग्स लगाए हैं। कुछ होर्डिंग्स में अजित पवार को महाराष्ट्र का भावी मुख्यमंत्री बताया गया है। वहीं एनसीपी विधायक अमोल मिटकरी के एक ट्वीट से इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि अजित पवार जल्द ही राज्य के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। ट्वीट के कैप्शन में एनसीपी विधायक ने मराठी में लिखा 'मैं अजित अनंतराव पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेता हूं....! जल्द ही अजितपर्व।'

### संजय राउत ने भी दिया था बयान

गौरतलब है कि शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत भी कह चुके हैं कि अजित पवार जल्द ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। राज्य में शिवसेना (शिंदे) और भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के बाद हुए चुनाव में गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि शिंदे, शिवसेना का वोटबैंक शिफ्ट नहीं करा पा रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा को महाविकास अघाड़ी का सामना करने के लिए अजित पवार जैसे बड़े नेता की जरूरत थी। यही वजह है कि अजित पवार के महाराष्ट्र का सीएम बनने की चर्चा लगातार उठ रही है।

### दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले सीएम शिंदे

अजित पवार के सीएम बनने की चचाओं को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योंकि मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे शनिवार को अचानक प्रधानमंत्री मोदी से मिलने दिल्ली पहुंच गए। हालांकि प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद शिंदे ने कहा कि हमने बारिश, रायगढ़ की घटना और राज्य में चल रहे मौजूदा प्रोजेक्ट के बारे में बात की।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चर्चा के बजाय हंगामा... !

इससे दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक और कुछ नहीं हो सकता कि मणिपुर की जिस शर्मनाक घटना पर सारा देश उद्वेलित है, उस पर संसद में चर्चा होने के बजाय केवल हंगामा हो रहा है। यह हंगामा लगतार दूसरे दिन दोनों सदनों में हुआ। आखिर इस हंगामे से देश को इसके अतिरिक्त और क्या संदेश जा रहा होगा कि हमारे राजनीतिक दल एक संगीन मामले पर न तो गंभीर हैं और न ही उस पर कोई सार्थक चर्चा करने को तैयार हैं? संसद में राजनीतिक दलों का व्यवहार निराश करने वाला है। मणिपुर को लेकर संसद में बीते दो दिनों से कोई चर्चा इसलिए नहीं हो पाई, क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष इस पर सहमत नहीं हो पा रहे कि चर्चा किस नियम के तहत हो? आखिर बहस आवश्यक है या फिर यह कि वह किस नियम के तहत हो? यह पहली बार नहीं, जब किसी आवश्यक मामले पर संसद में इसलिए चर्चा न हो पाई हो कि वह किस नियम के तहत हो।

ऐसा अक्सर होता है और कई बार तो कई-कई दिन तक हंगामा होता रहता है। इस बार भी ऐसी ही स्थिति बनती दिख रही है। हमेशा की तरह सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वह चर्चा से बच रहा है। ऐसे आरोपों का कोई मूल्य-महत्व नहीं, क्योंकि चर्चा न हो पाने के लिए कहीं न कहीं दोनों पक्ष उत्तरदायी होते हैं। समझना कठिन है कि दोनों पक्ष इस पर एकमत क्यों नहीं हो सकते कि किस नियम के तहत चर्चा होनी चाहिए? क्या चर्चा के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता? नि:संदेह निकाला जा सकता है, यदि उद्देश्य यह हो कि विषय विशेष पर गंभीर चर्चा करके देश को दिशा देनी है। यह विडंबना ही है कि जब संसद में पक्ष-विपक्ष को मिलकर देश और विशेष रूप से मणिपुर की जनता को आश्वस्त करना चाहिए, तब वे चर्चा के नियम पर उलझे हुए हैं। सत्तापक्ष कह रहा है कि वह चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष आरोप लगा रहा कि वह चर्चा से भाग रहा है। आम जनता के लिए समझना कठिन है कि किसका पक्ष कितना सही है। वह तो यही देख रही है कि चर्चा नहीं हो पा रही है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक-दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति ने पक्ष-विपक्ष के बीच सामंजस्य को पूरी तौर पर खत्म कर दिया है। यह शुभ संकेत नहीं, क्योंकि संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष मिलकर सदन चलाने के तौर-तरीकों पर सहमत हों। अब ऐसा दुर्लभ होता जा रहा है। स्थिति यह है कि विपक्षी नेता विभिन्न विषयों पर चर्चा करने पर तो खूब जोर देते हैं, लेकिन प्राय: वे नारे लिखी तख्तियां लेकर सदन में पहुंचते हैं। इससे यही पता चलता है कि वे संसद में सार्थक बहस के प्रति गंभीर नहीं।


+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


# 650 करोड़ Rs. से शिरडी में बनेगा इंटरनैशनल एयरपोर्ट...

## नवी मुंबई हवाई अड्डा अगस्त 24 तक हो जाएगा शुरू

**मुंबई :** महाराष्ट्र केउपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की है कि अगले साल अगस्त से नवी मुंबई एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा। उसका रनवे बनकर तैयार हो गया है। टर्मिनल बिल्डिंग बनाने का काम तेजी से जारी है। नवी मुंबई एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद मुंबई एयरपोर्ट का दबाव कम होगा, जिससे राज्य के जिलों से विमान मुंबई एयरपोर्ट पर आ जा सकेंगे। कांग्रेस के अशोक



चव्हाण, पृथ्वीराज चव्हाण सहित अन्य सदस्यों ने राज्य के 18 एयरपोर्ट के अलावा राज्य के सभी तहसील में हेलीपैड बनाने, मुंबई और नवी मुंबई के नए एयरपोर्ट सहित राज्य के जिलों में बनाए जा रहे एयरपोर्ट से संबंधित कई सवाल पूछे। फडणवीस ने कहा कि मुंबई एयरपोर्ट बहुत ज्यादा व्यस्त रहता है, इसलिए सुबह जिलों के लिए विमानों का उड़ान भरना और उतारना बेहद कठिन है। मुंबई एयरपोर्ट पर एक ही रनवे है और उस एकमात्र रनवे से 700 विमान उड़ान भरते हैं और आते हैं। नवी मुंबई का एयरपोर्ट शुरू करने के बाद मुंबई एयरपोर्ट को बड़ी राहत मिलेगी। फिर वहां से जिले के विमानों का आना-जाना सुलभ हो जाएगा।

**शिरडी के लिए 650 करोड़ रुपये**

फडणवीस ने कहा कि शिरडी हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना है। फिलहाल वहां पर कुछ शर्तों के साथ नाइट लैंडिंग की अनुमति मिली है। नाइट में लैंडिंग के लिए हर बार अनुमति लेनी पड़ती है। जल्द इससे छुटकारा मिल जाएगा। वहां पर टर्मिनल बिल्डिंग के लिए 650 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### हर तहसील में हेलीपैड

कांग्रेस के विधायक पृथ्वीराज चव्हाण ने राज्य के प्रत्येक तहसील में हेलीपैड बनाने के बाबत पूछा, जिस पर फडणवीस ने कहा कि इसके लिए एक समिति बनाई गई है, जो संबंधित जिला कलेक्टर के साथ राज्य के सभी तहसील में ऐसी जगह की तलाश करेगा, जहां हेलीपैड बनाया जा सकेगा।

## मालिक के गहने लेकर धोखाधड़ी पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर




**मुंबई :** एमआईडीसी पुलिस ने गहने बेचकर उससे मिलनेवाला फायदा मालिक को न देने को लेकर एफआईआर दर्ज करवाया है। जिसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता की एक ब्रांच हैदराबाद में हैं जहां कार्यरत कर्मचारी ने लगभग 1 करोड़ 20 लाख के गहने बेच दिए। लेकिन उससे मिलनेवाला फायदा शिकायतकर्ता। को नहीं दिया। गहनों की निर्मिति मुंबई में होती थी और उसे हैदराबाद में बेचा जाता था। शिकायतकर्ता पंकज जैन ने पुलिस को बताया कि आरोपी सोनी सखारिया पीटी 950 वर्ल्ड ऑफ प्लैटिनम में मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के रूप में काम करता है। जैन इस कंपनी को अगस्त 2020 से अपनी पत्नी पूजा के साथ चलाता है। पुलिस के अनुसार, चेन्नई में कंपनी की ओर से काम करने वाले दंपति के एक परिचित ने 1.22 करोड़ रुपये के आभूषणों को बेच दिया और इससे मिलनेवाला लाभ भी अपने पास रख ही रख लिया था। थाने में दी गई शिकायत में जैन ने पुलिस को बताया है कि आरोपी और उसकी पहचान 2012 से है। जैन ने पहले भी आरोपी के साथ इस तरीके का व्यवसाय किया था। जिसके बाद जैन ने तमिलनाडु में आरोपी को वितरक के तौर पर नियुक्त किया और एक ब्रांच खोला जहां अंधेरी में बनाया हुआ गहना भेजा जाता था। आरोपी के लिए रहने की व्यवस्था भी वहां की गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जून 2022 जी न आरोपी को 1.22 करोड़ के हीरे को खुदरा व्यापारियों को बेचने के लिए हीरा, सोना और चांदी का गहना दिया। जिसे तीस दिनों में बेचकर कंपनी के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने थे और बचा हुआ गहना कंपनी को वापस देना था।

## कल्याण मलंग रोड की सड़क पर गड्ढे से एक व्यक्ति की मौत !

**कल्याण:** कल्याण मलंग रोड द्वारली इलाके में डंपर के पिछले पहिये के नीचे आने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। घटना गुरुवार रात करीब 11:30 बजे की है। सड़क पर बने गड्ढों से बचने के चलते बाइक सवार ने अपना संतुलन खो दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गड्ढे के कारण यह हादसा हुआ। मृतक का नाम सूरज गवारी है। उल्हासनगर हिल लाइन पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर लिया है। बीती रात सूरज गवारी अपनी बाइक से इस सड़क से गुजर रहा था। गड्ढों के कारण सूरज का संतुलन बिगड़ गया और वह पास से गुजर रहे डंपर के पिछले पहिये के नीचे जा गिरा। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी पुलिसकर्मी चेतन पाटील ने आरोप लगाया कि गड्ढों से बचने के दौरान सूरज ने अपना संतुलन खो दिया था और वह डंपर के पिछले पहिये के नीचे आ गया। मृतक कल्याण पूर्व का रहने वाला



बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई होगी और अगर गड्ढों के कारण कोई हादसा होता है तो संबंधित इंजिनियर और ठेकेदार जिम्मेदार होंगे।

**लोग कर रहे मरम्मत की मांग**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जिले में कल्याण-डोंबिवली उल्हासनगर सभी जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। कल्याण की मलंग रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों से बचने के चक्कर में इस सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोग इन गड्ढों को भरने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन मनपा प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।




## जिले में बरसात का कहर! 03 की मौत का मामला आया सामन



**पालघर :** जिले में कल बारिश ने कहर बरपाया और रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। इस बारिश में पालघर तालुका में २ और दहानू तालुका में १ व्यक्ति की मौत हो गई। पालघर जिले में बुधवार सुबह से भारी बारिश हुई, पालघर तालुका में २०१.८ मिमी, दहानू तालुका में कल १५७.६ मिमी बारिश दर्ज की गई।इस बारिश के कारण पालघर तालुका के खमलोली के फकीरा विठा शेलेरा (उम्र ४८ वर्ष) और सफाले क्षेत्र के डोंगरे के विलास रघुनाथ किनी (उम्र ४८ वर्ष) और दहानू तालुका के कोलवली (डेडाडे) के किरण चिंतामन संखे (५१ वर्ष) की मौत हो गई है।पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद बुधवार को अचानक विकराल रूप धारण करने के बाद कई नदियां अपने चेतावनी स्तर पर पहुंच गयी थीं।

# उद्धव सेना के विरोध के बावजूद मनपा में खुला पालक मंत्री लोढ़ा का कार्यालय

## जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए खोला कार्यालय



**मुंबई :** उपनगर के पालक मंत्री और कौशल्या विभाग के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे के चेतावनी को धता बताते हुए शुक्रवार को मनपा मुख्यालय में खुले नागरिक कक्ष कार्यालय में आकर बैठे। लोढ़ा ने आदित्य ठाकरे के चेतावनी को एक मात्र आरोप बताते हुए कहा की सरकार सोशल मीडिया पर नहीं चलती। लोगो की समस्या छुड़ाने के लिए जमीन पर उतरना पड़ता है । उन्होंने कहा कि यह कार्यालय मनपा में प्रशासन की नियुक्त होने तक खुला रहेगा जिससे आम जनता अपनी समस्या लेकर हमारे पास आ सके और हम उनकी समस्या का निपटारा कर सके । मुंबई शहर के पालक मंत्री मंगल प्रभात के लिए मनपा मुख्यालय में कार्यालय खोले का उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने जमकर विरोध किया आदित्य ठाकरे ने तो 24 घंटे की चेतावनी देते हुए कहा की चौबीस घंटे में कार्यालय बंद नही किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। पालक मंत्री लोढ़ा आदित्य ठाकरे के आरोपों को नजरंदाज करते हुए शुक्रवार को ही मनपा मुख्यालय आकर अपने कार्यालय पर कब्जा जमाया। लोढ़ा ने कहा कि पालक मंत्री बनने के बाद अब तक उपनगर के सभी वार्डो में दो बार आम जनता के लिए दरबार लगाया।सरकार आपके द्वार के रूप में वार्ड कार्यालय में लोगो की समस्या सुनी इस दौरान लोगो कि 15 हजार शिकायत मिली जिसमे 3 हजार शिकायत का जगह पर ही निराकरण किया।अभी भी 12 हजार लोगो की शिकयत बनी हुई है।मंगल प्रभात लोढ़ा आदित्य ठाकरे के आरोपों पर कहा कि सरकार घर पर बैठकर सोशल मीडिया पर नहीं चलती।लोगो की समस्या को दूर करने के लिए जमीन पर उतरना पड़ता है।उपनगर वासियों को मनपा मुख्यालय से समस्या छुड़ाना रोजाना आना मुमकिन नहीं हो पाता इसके लिए मैं यह आफिस खोला है रोजाना उनकी समस्या सुनकर उसका निराकरण करूंगा जिसको जो बोलना है बोले।लोढ़ा ने कहा कि शहर के पालक मंत्री दीपक केंसरकर के लिए भी कार्यालय खोले जाने की गुहार लगाई।

## कोस्टल रोड का फिर बढ़ा खर्च 100 करोड़ की हुई वृद्धि

# खंभों के बीच की दूरी बढ़ाने के लिए बो स्ट्रिंग आर्च ब्रिज



**मुंबई :** मुंबई कोस्टल रोड (दक्षिण) को प्रिंसेस स्ट्रीट से बांद्रा वर्ली सी लिंक तक बन रहे कोस्टल रोड का खर्च फिर बढ़ गया है। कोस्टल रोड के पैकेज-2 के कार्य में बदलाव किया गया है जिसके चलते खर्च बढ़ने की जानकारी मनपा को ओर सेकड़ी गई। बता दे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर वर्ली सीलिंक के पास ब्रिज के दो खम्भों के बीच की दूरी 60 मीटर से बढ़ा कर 120 मीटर की गई । यह निर्णय कोली समाज के नाव के आवागमन के लिए किया गया। अब पिलर संख्या 7 और 9 के बीच पिलर संख्या 8 को निकाल कर बो स्ट्रिंग आर्च ब्रिज और उसके बगल में 2 से 11 पिलर के बीच कंपोजिट स्टील डेक ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। प्रोजेक्ट की अब अवधि बढ़ने के साथ-साथ प्रोजेक्ट की लागत में भी 100 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि मनपा का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट कोस्टल रोड का तेजी से काम चल रहा है और कुल परियोजना का 75 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है । मनपा द्वारा प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा वर्ली सी लिंक के दक्षिणी छोर तक कोस्टल रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी कुल लंबाई 10.58 किमी होगी . यह एक बहुत बड़ी और जटिल परियोजना है जो अक्टूबर 2018 में शुरू हुई थी। कोर्ट की रोक और बदलाव के कारण इस प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ा दी गई है और सलाहकारों की फीस भी बढ़ा दी गई। जीएसटी में 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की वृद्धि से परियोजना की लागत 339 करोड़ रुपये बढ़ गई थी।

# मणिपुर मामले में विधानसभा में विपक्ष का हंगामा...!



**मुंबई :** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अत्याचार की घटना को लेकर विधानसभा में कांग्रेस ने आक्रामक रूख अपनाया। कांग्रेस विधायक वर्षा गायकवाड, यशोमति ठाकुर, प्रणिति शिंदे ने सदन में प्रस्ताव लाने की मांग की। हालांकि अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने नियमों का हवाला देते हुए पहले प्रस्ताव रखने को कहा। इस दौरान सदन में कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला साहेब थोरात, राकांपा के जितेंद्र आव्हाड भी पहुंच गए। कांग्रेस सदस्य शोर मचाते हुए प्रस्ताव लाने की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने प्रश्नोत्तर शुरू किया। पहला प्रश्न कांग्रेस के विश्वजीत कदम का था। कांग्रेस के सदस्यों ने उन्हें वह प्रश्न नहीं पूछने दिया। इस पर अध्यक्ष ने दूसरा प्रश्न पुकारा, तब विपक्षी सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते नजर आए। अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि यशोमति ठाकुर ने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है, लेकिन उन्होंने पहले कोई प्रस्ताव पेश नहीं किया। सदन का कामकाज नियम से चलता है।

# सीएसएमटी सबवे में मुंबई मनपा लगाएगी सीसीटीवी, फायर प्रोटेक्शन सिस्टम




**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास बने सबवे में मनपा ने सीसीटीवी और फायर प्रोटेक्शन सिस्टम लगाने का निर्णय लिया है। सबवे में होने वाले सफोकेशन के बावजूद मनपा वेंटिलेशन सिस्टम लगाना भूल गई है। बता दे कि सीएसएमटी स्टेशन एक ऐतिहासिक स्टेशन है जहां बड़ी संख्या में यात्री और पर्यटक का आवागमन होता है. सड़क पार करने के लिए ट्रैफिक की परेशानी दूर करने और लोगो को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सबवे का निर्माण किया गया है। सब-वे के काफी पुराने होने और इसकी जर्जरता के कारण मनपा ने इस सब-वे की मरम्मत करने का निणर्य लिया है। सबवे की मरम्मत के साथ सब-वे में सीसीटीवी और फायर फाइटिंग सिस्टम अच्छी इलेक्ट्रिक लाइटिंग की मरम्मत की जाएगी। मनपा इन सुविधाओं को प्रदान करते समय सबवे में हवा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए वेंटिलेशन सिस्टम लगाना भूल गई है। इस सिस्टम की स्थापना को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है.सीएसएमटी में सबवे का निर्माण 1999 में किया गया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन मनपा आयुक्त के.नालिनाक्षन ने किया था। सबवे में चार प्रवेश द्वार हैं, एक सीएसएमटी की ओर, दूसरा मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर, तीसरा मुंबई मनपा मुख्यालय की ओर और चौथा टाइम्स ऑफ इंडिया की ओर है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में पैदल यात्री इस सबवे से आवागमन करते है। सुरक्षा की दृष्टि से सबवे में कोई सुविधाएं नहीं हैं. आग सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मनपा ने सबवे में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन प्रणाली और उच्च गुणवत्ता वाली विद्युत प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने का निर्णय लिया है। मनपा ए वार्ड के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे ने बताया कि यह सिस्टम उसी हिसाब से लगाया जाएगा।

### वेंटिलेशन सिस्टम पर विचार नहीं किया गया

**सबवे में हवा का संचार बनाए रखने के लिए 2016 से पहले एक वेंटिलेशन सिस्टम मौजूद था। सभी प्रवेश द्वारों के पास यह सिस्टम काम कर रहा था तो सबवे में हवा का आवागमन हो रहा था। परिणामस्वरूप गर्मी और सफोकेशन का प्रकोप नहीं जान पड़ता था। 2016 में मनपा ने सबवे के बाहर एक सेल्फी पॉइंट बनाया। इसी दौरान वेंटिलेशन सिस्टम को हटा दिया गया। जिसका मुख्य कारण था कि वेंटिलेशन के लिए लगे पंखे बाहर की ओर थे और सेल्फी पॉइंट में बाधा बन रहे थे। वेंटिलेशन सिस्टम हटाए जाने के कारण गर्मियों में आवागमन के दौरान सबवे में लोगो को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ता है। सहायक आयुक्त जयदीप मोरे ने कहा कि इस सिस्टम की स्थापना के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी।**




# चोरी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**विरार** : एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय के क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की पुलिस ने घर में चोरी करने वाले पति और उसकी पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। शातिर चोर पति-पत्नी वापी से ट्रेन से पालघर आते थे और फिर दूसरी ट्रेन पकड़कर विरार जाते थे और घर में चोरी करके ट्रेन से वापस वापी फरार हो जाते थे। पति के खिलाफ पहले भी 10 से 12 घर में चोरी करने के मामले थाने में दर्ज हैं। आरोपी पति का नाम संतोष जाटप और उसकी पत्नी का नाम गीता है। क्राइम ब्रांच पुलिस ने पालघर में तीन दिन तक लगातार निगरानी करने के बाद आरोपी पति- पत्नी को गिरफ्तार करके आगे की जांच और पूछताछ के लिए विरार पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि विरार के जीवदानी नगर स्थित परमार्थ बिल्डिंग में रहने वाले बाजीराव बंडोपंत कांबले (33) के घर में 14 जुलाई की रात चोर घुसे और सोने के आभूषण व अन्य सामग्री चुरा कर फरार हो गए थे। 16 जुलाई को विरार पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया। उक्त अपराध की जांच करते हुए क्राइम ब्रांच की यूनिट तीन की पुलिस ने आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया। आरोपियों से पूछताछ करने के बाद और भी वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

# भाड़ा इंकार और दुर्व्यवहार करने वाले रिक्शा और टैक्सी चालकों पर होगी कार्रवाई

मुंबई। मुंबई शहर और उपनगर में भाड़ा नकारने और यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले टैक्सी और रिक्शा चालकों पर सरकार ने बड़ा शिकंजा कसा है। शुक्रवार को परिवहन विभाग ने रिक्शा और टैक्सी से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक वाट्सअप नंबर 9152240303 जारी किया है। रिक्शा और टैक्सी चालक अगर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार और उनसे अधिक किराया मांगता है या कही जाने से नकारता है तो यात्री परिवहन विभाग द्वारा जारी किए गए वाट्सअप नंबर पर शिकायत कर सकता है। शिकायत मिलने के बाद उस टैक्सी और रिक्शा चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग कड़क कारवाई करेगी।



मुंबई महानगर क्षेत्र के परिवहन विभाग के सचिव और अधिकारी विजय अहिरे ने यह जानकारी दी। अहिरे ने बताया कि मुंबई और मुंबई उपनगरों में बड़ी संख्या में यात्रियों द्वारा काली और पीली टैक्सियों और ऑटोरिक्शा इस्तेमाल किया जाता है। यात्रा के दौरान टैक्सी और रिक्शा चालकों द्वारा यात्रियों के साथ हर दिन दुर्व्यवहार करने, भाड़ा इंकार करने, रिक्शा चालकों द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने की शिकायतें मिलती हैं। टैक्सी और रिक्शा चालकों के खिलाफ आ रही शिकायतों को क्षेत्रीय परिवहन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है इस नंबर पर यात्री टैक्सी और रिक्शा चालकों के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं इस दौरान उस टैक्सी और रिक्शा का फोटो या ई-मेल के माध्यम से समय की सूचना दें ताकि यात्रियों को समय पता चल सके और रिपोर्ट करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कॉल स्वीकार नहीं की जाएंगी. शिकायत में वाहन नंबर, स्थान, समय, शिकायत की संक्षिप्त प्रकृति, शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी का उल्लेख होना चाहिए। क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकारी ने यह भी कहा है कि संबंधित दोषी चालकों के विरुद्ध मोटर वाहनअधिनियम एवं उसके प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी.

# मुंबई अहमदाबाद हाईवे पर जमा हो रहे पानी को लेकर

## वसई विरार मनपा कार्यालय में हुई सर्वदलीय बैठक

**वसई** : वसई-विरार में भारी बारिश के कारण वसई-विरार शहर समेत मुंबईअहमदाबाद हाईवे भी जलमग्न हो गया। प्रशासन के सर्वे से पता चलता है कि इस जगह पर हुए अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण जिम्मेदार हैं। शुक्रवार को हुई बैठक में सभी दलों के साथ-साथ सांसद और मनपा प्रशासन की तरफ से आरोप लगाया गया कि इसके लिए हाईवे अथॉरिटी जिम्मेदार है। उनके द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं करने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। वसई - विरार शहर महानगरपालिका शहर में हर साल मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी हालात हो जाती है,इस साल भी जुलाई महीने में बारिश के कारण यही स्थिति बनी हुई है । जुलाई की शुरूआत




में बारिश के कारण राजमार्ग संकट में था। नालों में अनाधिकृत निर्माण,अतिक्रमण और प्राकृतिक नालों की साफ सफाई नही होने के कारण मुंबई अहमदाबाद राजमार्ग पर जल निकासी मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। अनाधिकृत निर्माण, अतिक्रमण और प्राकृतिक नालों के अवरुद्ध होने के कारण राजमार्ग पर जल निकासी के रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। जिससे हाइवे राजमार्ग पर पानी जमा हो रहा है, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है। पालघर जिला कलेक्टर ने संबंधित प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसके बाद महानगर पालिका ने कई अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया है। चूंकि कई निर्माण वन विभाग और राजमार्ग प्राधिकरण की सीमा के भीतर हैं, इसलिए संबंधित प्रशासन के जरिए उन अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई करना आवश्यक है। लेकिन वन विभाग और राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार और गुरुवार को हुई भारी बारिश के कारण हाईवे पर पानी जमा रहा। महामार्ग पर पानी जमा न हो इसलिए मनपा मुख्यालय में मनपा अधिकारियों, राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों, वन विभाग, महावितरण, पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस, सांसद राजेंद्र गावित सहीत सभी पक्षों की बैठक बुलाई गई।

# आफत की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा तो शहर के निचले इलाकों में जलजमाव



**मुंबई** : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में कल भी बारिश का कहर जारी रहा। मुंबई पर आफत की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा तो शहर के निचले इलाकों में जलजमाव हो गया। इसके चलते शहर में यातायात बाधित रहा। जलभराव के चलते मुंबई-अंधेरी सबवे से वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया। इसके अलावा टेंबी ब्रिज, चेंबूर, घाटकोपर, सर्वे जंक्शन, एबीएस रोड-कुर्ला, सायन सर्कल, हिंदमाता सहित कई क्षेत्रों में जलजमाव से सड़कें तालाबों में तब्दील हो गई थीं। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग

# १८ सरकारी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों व अस्पतालों में जेनेरिक दवा की दुकानें शुरू करने का निर्णय



**मुंबई** : चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशालय के तहत १८ सरकारी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों व अस्पतालों में जेनेरिक दवा की दुकानें शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत १४ सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक दवा केंद्र शुरू करने की अनुमति दी गई है। ऐसे में इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को अब अस्पतालों में ही सस्ती दरों पर दवा मिलने की सुविधा मिलेगी। चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान निदेशालय के मुताबिक, मरीजों के हित को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा व औषधि विभाग ने सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक मेडिसिन सेंटर शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पहले चार संस्थानों को जेनेरिक दवा केंद्र शुरू करने की अनुमति दी गई। लेकिन उनके साथ हुए समझौते की अवधि समाप्त हो गई है। इन चार संस्थानों के साथ ही १४ अन्य को जेनेरिक दवा सेंटर खोलने की अनुमति दी गई है। जेनेरिक दवा सेंटर को शुरू करने के लिए नेशनल फेडरेशन ऑफ हार्मर्स प्रोक्योरमेंट प्रोसेसिंग एंड रिटेलिंग को-ऑपरेटिव ऑफ इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सरकारी अस्पताल के फामाकोलॉजी विभाग, औषधि भंडार के प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी और औषधि प्रशासन विभाग के प्रतिनिधि की एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। समिति हर छह महीने में जेनेरिक दवा केंद्रों के कामकाज की समीक्षा करेगी। इस संबंध में रिपोर्ट चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त के माध्यम से सरकार को सौंपी जाएगी। संस्थान को जेनेरिक दवा केंद्र शुरू करने के लिए अस्पतालों में जगह उपलब्ध कराई जाएगी। ये केंद्र २४ घंटे खुले रहेंगे। यदि इन केंद्रों पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो मरीज को अन्य ब्रांडेड दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिन पर पांच प्रतिशत की छूट देना अनिवार्य होगा।




# खुदकुशी करना चाहते हैं एक लाख अन्नदाता किसान



**मुंबई :** महाराष्ट्र में करीब एक लाख किसान जीवन त्याग करना यानी खुदकुशी करना चाहते हैं, ऐसा सनसनीखेज खुलासा एक सर्वे में हुआ है। सेवानिवृत्त विभागीय आयुक्त सुनील केंद्रेकर के नेतृत्व में किए गए पारिवारिक सर्वेक्षण में मराठवाड़ा में आज भी १ लाख ५ हजार ७५४ किसान परिवार अतिसंवेदनशील श्रेणी में हैं। उनके मन में आत्महत्या का विचार आ रहा है। उनकी निराशा को दूर करने के लिए तत्काल मदद के रूप में प्रति हेक्टेयर २५ हजार रुपए की मदद प्रदान करने की सिफारिश राज्य सरकार से की थी। संभाजीनगर विभाग के सभी जिलों में कुल १९ लाख २९ हजार ७२९ किसानों की आर्थिक, सामाजिक व पारिवारिक सुरक्षा के संदर्भ में सर्वेक्षण करने का एक उपक्रम हाथ में लिया गया था। मराठवाड़ा के आठ जिलों में वर्ष २०१२-२२ इस कालावधि के दौरान ८ हजार ७१९ किसानों ने आत्महत्या की। उनमें से ९२३ फसल नष्ट होने के कारण, १,४०४ कर्ज के कारण, ४,७३१ कर्ज न चुकाने के कारण और १,९२९ अन्य कारणों से आत्महत्या की थी। इन आत्महत्याओं के पीछे कर्जमाफी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना बताया गया है। २७ जून २०२३ के अंत तक ऑनलाइन भरनेवाले कुल १० लाख किसान परिवार की जानकारी का विश्लेषण करके ७५ से अधिक गुणांक वाले किसान परिवारों, अतिसंवेदनशील ५० गुणांकवाले परिवारों सहित संवेदनशील परिवारों को इस सर्वेक्षण में समावेश किया गया था।

# भारत बांग्लादेश बॉर्डर से आरोपी हुआ गिरफ्तार

## फरार आरोपी बंगलादेशी करता था सायबर ठगी

**मुंबई :** एलटी मार्ग पुलिस ने एक आरोपी को शिकायतकर्ता की पत्नी का फोटो मॉर्फ कर भारत बांग्लादेश बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का बोर्डर पर मनी ट्रांसफर का दुकान था। यहीं पर बांग्लादेशी आरोपी आता था और सायबर फ्रॉड करता था। इसके बाद आरोपी द्वारा बनाये गए अकाउंट में पैसे मंगवाता था। पुलिस को ऐसे नौ अकाउंट मील हैं। जिसमें आरोपी पैसे मंगवाता था। एक शख्स ने वाट्सअप पर आए पत्नी के मॉर्फ फोटो को लेकर शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को ढूंढ निकाला।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को पश्चिम बंगाल



और बांग्लादेश के बॉर्डर नार्थ 24 परगाना से गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अब्दुल रहमान हसानुर मंडल (31) है। आरोपी पर 354, 354 (अ), 66 (क) (ड) और 67 (अ) के तहत एफआईआर दर्ज किया गया था। तेरह डिजिट मांग की। शिकायतकर्ता ने जब उससे पैसे मांगने का कारण पूछा तब आरोपी ने बोला वाट्सअप मैसेज देखने के लिए कहा। जब उसने मैसेज देखा तब उसकी आंख फटी रह गई। उसकी पत्नी का मॉर्फ किया हुआ पर्सनल फोटो उसके वाट्सअप पर भेजा हुआ था। जिसके बाद वह पुलिस थाने पहुंचा और फिर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया।

**बॉर्डर पार कर आता था आरोपी**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंडल की दुकान बॉर्डर के सामने ही है। वहां वह मनी ट्रांसफर का व्यवसाय करता है, जिसमें बांग्लादेशी पैसे को भारतीय रुपयों में बदलकर देता था। यहीं पर उसकी मुलाकात बांग्लादेश का बोर्ड पर कर आनेवाले एक शख्स से हुई। वही यहां से लोगों के फोटो प्राप्त करता था और फिर उसे मॉर्फ कर उगाही करता था। दूसरा आरोपी फिलहाल मामले में फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

# नाव में सवार होकर लोग जा रहे ऑफिस



**वसई-विरार :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के आसपास के क्षेत्र भी पानी में डूब गये और लोग कार की जगह सड़क पर नाव दौड़ा रहे हैं। ऐसा कुछ वाक्या पालघर जिले के वसई- विरार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें लोग नाव पर सवार होकर ऑफिस जा रहे हैं। बात इतनी ही नहीं कुछ इलाकों में तो ट्रैक्टर और ट्राली पर चढ़कर सफर करने के लिए मजबूर हुए। वसई विरार और नालासोपारा के कुछ क्षेत्रों में कमर तक पानी भरा रहा और लोग उसमें डूबकर भी घर, बाजार या ऑफिस जाते दिखाई दिए।

# आईआरसीटीसी ऐप...तत्काल टिकट बुकिंग के समय ऐप काम करना बंद कर देता है





**मुंबई :** केंद्र सरकार की धीमी चाल से जनता भली-भांति परिचित है। यह सरकार केवल बोल-बच्चन है। जब से केंद्र में भाजपा सरकार में आई है तब से सरकारी संस्थाओं का सिर्फ नुकसान ही हुआ है। रेलवे द्वारा यात्री टिकट बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी ऐप शुरू किया गया था, जो समय के साथ बदला नहीं। हाल ही में रेलवे ने इस ऐप को अपग्रेड कर इसके प्रचार के लिए डेढ़ मिनट का एक वीडियो जारी किया है।

रेल विभाग हमेशा अपने आउटडेटेड कामों को बढ़ा-चढ़ाकर लोगों के बीच रखता रहा है। मौजूदा समय में यह विभाग सिर्फ नेताओं के प्रचार के लिए एक प्लेटफार्म मात्र रह गया है। रेल विभाग द्वारा यात्री टिकट सुविधा के लिए लाए गए ऐप और वेबसाइट आईआरसीटीसी को हाल ही में अपडेट किया गया है। यह अपडेट भी ऐसा है जिसे निजी ऐप द्वारा सालों पहले कर दिया गया था। आईआरसीटीसी ऐप के अपडेट वाली खूबियों को गिनाते हुए एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें यात्रियों को शहर के अगल-बगल मौजूद स्टेशन और बदले गए नाम वाले स्टेशनों को खोजने में हो रही दिक्कत को कम करने वाली खूबियों को दशार्या गया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ये सुविधाएं पेटीएम और कई अन्य ऐप में पहले से ही मौजूद हैं। रेल विभाग की धीमी गति से सब वाकिफ हैं। इसका सीधा नुकसान आईआरसीटीसी के डायरेक्ट साइट और ऐप विजिट पर पड़ता है। लोग इसकी बजाय किसी थर्ड पार्टी ऐप या वेबसाइट से टिकट बुक करना उचित समझते हैं। तत्काल टिकट बुकिंग के समय ऐप काम करना बंद कर देता है। यात्री हमेशा टिकट बुकिंग के दौरान खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

# मुंबई/ महंगाई से हर कोई परेशान, महिलाओं का बजट गड़बड़ाया

**मुंबई :** आजकल दाल, टमाटर, अदरक एवं अन्य सब्जियों पर छाई महंगाई से हर कोई परेशान है। शहरी परिवारों में आलू की तरह टमाटर भी एक नियमित आहार है और दाल तो नियमित आधार है ही। इसकी कीमतें बढ़ने से घरेलू महिलाओं का बजट गड़बड़ा गया और बचत प्रभावित हुई है। हालांकि ,रिजर्व बैंक इसे नियंत्रित करने के लिए अब तक ब्याज दर बढ़ाता रहा है लेकिन इसके परिणामस्वरूप शहरी आमवर्ग की ईएमआई (मासिक किश्त) बढ़ जाती है। महंगाई एक तरफ से कम होती है तो दूसरी तरफ मासिक किश्त बढ़ जाती है। ऐसे में हर कोई चाह रहा है कि महंगाई और किश्त के मोर्चे पर कुछ राहत मिली।



भारत में महंगाई मापने के दो पैमाने हैं, पहला खुदरा महंगाई और दूसरा थोक महंगाई दर। खुदरा महंगाई जैसे कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह वही दर होती है, जो अंतिम ग्राहक और दुकानदार के बीच मूल्य की बात करते हैं, इसे 'कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स' भी कहते हैं। जबकि थोक महंगाई का मतलब उस महंगाई से होता है, जिसमें एक कारोबारी दूसरे कारोबारी या खुदरा व्यापारी थोक व्यापारी को वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य भुगतान करता है। ये साधारणतया संगठित तौर पर होती है। दोनों तरह की महंगाई दर को मापने के लिए अलग-अलग आइटम को शामिल किया जाता है, इसलिए दोनों की दर के मायने भी अलग-अलग होते हैं, जैसे थोक महंगाई में निर्मित उत्पाद की हिस्सेदारी ६३.७५ फीसदी, प्राथमिक चीजें जैसे फूड २०.०२ फीसदी और फ्यूल एंड पावर १४.२३ फीसदी होती है। जबकि खुदरा महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी ४५.८६ फीसदी, हाउसिंग की १०.०७ फीसदी, कपड़े की ६.५३ फीसदी और फ्यूल सहित अन्य आइटम की भी भागीदारी होती है। शहरी आमवर्ग सब्जी को लेकर भी बड़ा परेशान रहता है, जो सब्जी थोक मंडी में २० रुपए किलो बिकती है, वही सब्जी मंडी से उसके दरवाजे तक आते-आते ६० से ७० रुपए हो जा रही है। थोक बाजार और फुटकर बाजार का जो इतना बड़ा गैप है वह भी उसे परेशान कर रहा है। डीजल-पेट्रोल, ईएमआई समेत रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होनेवाली वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से लोगों की क्रय क्षमता कम होने लगी है। शहरी आमवर्ग को आंकड़े से कोई मतलब नहीं रह गया है कि खुदरा सूचकांक घट गया, थोक सूचकांक बढ़ गया है।



# सीमा हैदर ने पीएम मोदी और योगी से लगाई मदद की गुहार

## कहा- पाकिस्तान गई तो मारी जाऊंगी

**ग्रेटर नोएडा ।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर मामले में अब एक के बाद एक नए मोड़ आ रहे हैं। शुक्रवार सुबह से ही सीमा के घर के बाहर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा हुआ है। सब सीमा से यही जानना चाहते हैं कि एटीएस ने उनसे क्या पूछताछ की, क्या सीमा सब कुछ सच बोल रही है या उनके बयानों में कोई विरोधाभास है। अगर सीमा को वापस भेज दिया जाएगा तो उसके साथ क्या होगा। क्या सीमा वापस जाना चाहती है या नहीं? कई सारे सवाल हैं और सीमा एक एक कर सवालों के जवाब दे रही है।

सीमा ने सवालों का जवाब देते हुए मोदी और योगी से गुहार लगाई है कि उसे पाकिस्तान ना भेजा जाए नहीं तो वह मौत के मुंह में चली जाएगी। उसे चाहे जहां रखे भारत में लेकिन उसे सचिन और उसके बच्चों के साथ यही रखें। सीमा ने यह भी बताया कि उसका भाई 2022 में पाकिस्तानी आर्मी में भर्ती हुआ लेकिन वह सबसे निचले रैंक पर है। उसने बताया कि जो उसके चाचा की बात आ रही है कि वह



पाकिस्तानी आर्मी में थे, तो वो उसके पैदा होने से पहले थे। सीमा ने बताया कि उसकी शादी पशुपतिनाथ मंदिर में हुई जबकि मंदिर की देखरेख करने वाले ट्रस्ट के प्रवक्ता का कहना है की मंदिर में कोई शादी नहीं होती है।

तमाम सवालों के जवाब देते हुए सीमा हैदर खुद को सिर्फ इस बात का दोषी बताती है कि उसने गलत तरीके से भारत में एंट्री की। लेकिन वह कहती है कि उसे यह सब कुछ सचिन के प्यार के लिए किया और वह सचिन के बिना नहीं रह सकती। उसका कहना है कि कोई भी फ्लाइट पाकिस्तान से नेपाल सीधे नहीं जाती। इसलिए शारजाह होकर उसे नेपाल आना पड़ा।


# गृहमंत्री आज पहुंचेंगे राजधानी, चुनावों को लेकर टेंशन में केंद्रीय नेतृत्व

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के चुनावी रणनीतिकार अमित शाह रायपुर आ रहे हैं। 22 जुलाई शनिवार को शाह छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं की हाई लेवल मीटिंग लेंगे। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत संगठन के महामंत्री, संभाग के प्रभारियों को बैठक में शामिल होने की तैयारी करने कहा गया है।

शाह के सवाल होंगे और जवाब स्थानीय नेताओं को देने हैं। खबर है कि एक प्राइवेट सर्वे एजेंसी के कुछ लोग भी शाह के साथ होंगे। छत्तीसगढ़ की विधानसभा सीटों पर भाजपा की स्थिति को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के एक सर्वे पूरा होने की चर्चा है। खब ये भी है कि उस सर्वे में भाजपा की हालत पतली दिखी है। इस वजह से केंद्रीय नेतृत्व भी टेंशन में है।

भाजपा 2023 के चुनाव को हर हाल में जीतने का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि अमित शाह एक बार फिर रायपुर आ रहे हैं। इसी महीने 5 जुलाई को शाह ने रायपुर में रात बिताई और नेताओं की बैठक ली थी। तब शाह

## अमित शाह बीजेपी नेताओं की लेंगे हाईलेवल मीटिंग



छत्तीसगढ़ भाजपा की परफॉर्मेंस से संतुष्ट नहीं दिखे थे। ओम माथुर और नितिन नबीन से उन्होंने आंतरिक रिपोर्ट मांगी थी, मुमकिन है कि शनिवार को वो इस रिपोर्ट का अपडेट लेंगे।

दो दिन पहले दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर की डेढ़ घंटे बंद कमरे में बैठक हुई थी। नड्डा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा के हालातों पर रिपोर्ट माथुर से ली। भाजपा के गुटों, सक्रिय, निष्क्रिय नेताओं, चुनावी एक्शन प्लान पर डिटेल बात-चीत हुई है।

प्रदेश भाजपा हर विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय कांग्रेस विधायकों के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बना रही है। इसे लेकर भी अमित शाह से चर्चा होगी। भाजपा इस आंदोलन के जरिए प्रयास कर रही है, मौजूदा विधायकों के प्रति जनता के बीच माहौल तैयार किया जाए, ताकि सियासी तौर पर फायदा भाजपा को हो सके।

अमित शाह के साथ बैठक में सबसे अहम मुद्दा होगा चुनावी घोषणा पत्र। किसानों को रिझाने, यूथ और महिलाओं को अपनी ओर लाने के लिए भाजपा माथापच्ची कर रही है। अमित शाह भी कुछ टिप्स देंगे ताकि चुनाव में भाजपा वोटर्स को अपनी ओर कनेक्ट कर सके। अचानक प्रदेश में भाजपा सक्रिय तो हुई है, मगर अब भी वोटर भाजपा के साथ जाते नहीं दिख रहे। इसे कैसे ठीक किया जाए, शाह अपने इनपुट छत्तीसगढ़ के नेताओं को देंगे।

### सरकार ने खिलाफ राजेंद्र गुढ़ा को बयानबाजी करना पड़ा भारी

# गहलोत ने मंत्री को किया पद से बर्खास्त

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने ही मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह कार्रवाई गुढ़ा द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में महिला अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को घेरने के कुछ घंटों बाद हुई है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, "राजेंद्र गुढ़ा को राज्य मंत्री के पद से हटा दिया गया है। दरअसल, गुढ़ा ने राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर



दिया था। गुढ़ा ने आज विधानसभा में अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, "राजस्थान में, ये सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गए। और यहां जिस तरह से अत्याचार बढ़े हैं महिलाओं के ऊपर, मणिपुर के बजाय हमें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।"

बताते चलें कि राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 200 सदस्यीय विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस दूसरी बार लगातार सत्ता में आने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। हाल ही में सचिन पायलट के साथ पार्टी हाईकमान ने बैठक कर उनकी मांगों को मानते हुए राज्य में एकजुट होकर लड़ने पर जोर दिया है।

## अफेयर से नाराज भाई ने बहन का सिर काटा

**बाराबंकी।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में शुक्रवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां रियाज नामक युवक ने अपनी बहन का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर सिर हाथ में लेकर गांव में घूमता रहा। बताया जाता है कि आरोपी अपनी बहन के अफेयर से नाराज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फतेहपुर कोतवाली अंतर्गत मिठवारा निवासी मोहम्मद रियाज ने अपनी बहन आसिफा पुत्री अब्दुल रशीद की प्रातः 11=30 गला काट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह कटा हुआ सर लेकर थाने की ओर जा रहा था लेकिन पुलिस ने उसे रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना से पूरे जिले में दहशत फैल गई है। जिसने भी आरोपी को कटा सर लेकर जाते हुए देखा वह न केवल हतप्रभ रह गया बल्कि भय से कांप उठा।

# निलंबित आईपीएस जीपी सिंह बर्खास्त!

## आय से अधिक संपत्ति समेत कई मामले हैं दर्ज

**रायपुर।** आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित आईपीएस जीपी सिंह को केंद्र सरकार द्वारा बर्खास्त किए जाने की खबर आ रही है. बता दें कि राज्य सरकार ने जीपी सिंह की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सिफारिश की थी। इससे पहले भी राज्य ने चार अन्य आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ जीपी सिंह को बर्खास्त करने की अनुशंसा भेजी थी, तब केंद्र ने राज्य की अनुशंसा को खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2021 की सुबह 6 बजे ACB-EOW की टीमों ने रायपुर, राजनांदगांव और ओडिशा में जीपी सिंह के सहयोगियों समेत उनके सभी ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था, जिसमें 5 करोड़ की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था।

इसके अलावा छापे के दौरान आपत्तिजनक



दस्तावेज भी मिले थे, जिसके आधार पर रायपुर कोतवाली में निलंबित आईपीएस जीपी सिंह पर राज्य सरकार राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था, जिसका चालान कोतवाली पुलिस पहले ही कोर्ट में पेश कर चुकी थी, जो कोर्ट में विचाराधीन है. आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर में अनुपातहीन संपत्ति और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धारा 201,467,471 के आरोप में निलंबित आईपीएस जीपी सिंह का प्रकरण दर्ज है।

### सदन में गरमाया बाल पत्रिका 'किलोल' की खरीदी का मुद्दा

## अजय चंद्राकर ने दी जांच की चुनौती, कहा- मेरे समय में गड़बड़ी हुई तो मैं भी जाऊंगा जेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मासिक बाल पत्रिका किलोल की खरीदी और अनिवार्यता को लेकर सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि मैं भी स्कूल शिक्षा मंत्री था. जांच करवा लीजिए, अगर मेरे समय में गड़बड़ी हुई होगी तो मैं भी जेल चला जाऊंगा. स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने किलोल सहित अन्य पत्रिकाओं की खरीदने के लिए निर्देश देने की बात स्वीकार की. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता है तो जांच करा लीजिए.



विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में मासिक बाल पत्रिका का मामला उठाते हुए विभागीय मंत्री से जानकारी मांगी कि मासिक बाल पत्रिका ह्लकिलोलह्व का संपादक, प्रकाशक और मुद्रक कौन-कौन है? क्या प्रदेश की सभी शालाओं में पत्रिका की खरीदी का कोई निर्देश जारी किया गया है? और कब? पत्रिका की उपयोगिता छात्रों को कितनी है? 20 जून 2023 में किस स्तर पर किस मद से और कितनी राशि की खरीदी की जा चुकी है? और कितनी शालाएं/संकुल शिक्षकों को वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता दी गई है ?स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि किलोल के संपादक डॉ रचना अजमेरा प्रकाशक श्यामा तिवारी द्वारा विंग्स टो फ्लाई सोसायटी एवं मुद्रांक सलूजा ग्राफिक्स रायपुर हैं. भारत सरकार द्वारा इस मद में 20,000 की राशि व्यय की गई है. संकुल के बच्चो को अपने लेख के लिए प्रेरित किए जाने का भी उल्लेख है. संकुल के रख रखाव के लिए 20,000 की राशि व्यय भी की गई है.अजय चंद्राकर ने कहा कि पत्रिका खरीदने का निर्देश दिया गया है या नहीं. मंत्री ने कहा निर्देश नहीं दिया गया, आकस्मिक व्यय में है. विधायक आकस्मिक व्यय में नहीं, मीटिंग टीए में निर्देश है क्या।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र : विपक्ष ने गौठान और गोबर पर मंत्री को घेरा

# चारा घोटाले से भी ज्यादा बड़ा है गोबर घोटाला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान गौठान और गोबर का मुद्दा उठा. भाजपा विधायकों ने गौठान के नाम पर पूरे छत्तीसगढ़ में घोटाला होने की बात कहते हुए कहा कि चारा घोटाले से भी बड़ा गोबर घोटाला है.

विधानसभा में गौठान और गोबर का मसला उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि गौठान से संबंधित जानकारी गलत दी गई है. ऐसा तो नहीं अपूर्ण गौठानों की वस्तु स्थिति को छुपाने की कोशिश की जा रही है. कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि जानकारी बिल्कुल सही दी गई है. कोई गड़बड़ी नहीं है.

मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 10,336 गौठान स्वीकृत हैं, इसमें 10,240 गौठान बन गए हैं, 84 गौठान नहीं बने हैं. 2 जनवरी 2019 से 30 जून 2023 तक कुल 1,23,19,845.64 क्विंटल गोबर सरकार ने खरीदा है, जिसकी राशि 24,639.69 लाख भुगतान किया गया. 2 सौ 91 करोड़ से ज्यादा का गोबर बेचा गया है. इसमें नुकसान नहीं



बल्कि फायदा हुआ है.

भाजपा विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि करीब 246 करोड़ का गोबर खरीदा गया है, और सरकार की ओर से 17 करोड़ का गोबर बेचा गया है, फिर 229 करोड़ का गोबर कहां गया? मंत्री ये बताएं कि ये 229 करोड़ रुपए कहां गए? ये चारा घोटाला से बड़ा भी गोबर घोटाला है.

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हमने सभी जानकारी दे दी है. इस पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गौठान के नाम पर पूरे छत्तीसगढ़ में घोटाला हो रहा है. पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि कृषि मंत्री बदल गए, लेकिन गौठान दिखाने हमको नहीं ले गए. ये बड़ा घोटाला है. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किस कोल्ड स्टोरेज में गोबर रखा गया है ये बता दीजिए.

इसके पहले विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष के विधायक रामपुकार सिंह ने रेडी टू ईट के साथ बीज सप्लाई को लेकर मंत्री अनिला भेड़िया से जानकारी मांगी. जिले के अंदर कौन है, जो बीज की सप्लाई कर रहा है? जबाव में मंत्री अनिला भेड़िया ने सप्लायर का नाम गुड्डू बताया.

रामपुकार सिंह ने कहा कि सप्लायर छत्तीसगढ़ के बाहर का व्यक्ति है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि अगर पूछा जा रहा तो उनका नाम बताया जाना चाहिए. मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि जो जानकारी और व्यक्ति का नाम पूछा गया है, उस पर मैने संतोषजनक जवाब दे दिया है.

## धर्मजीत सिंह ने मंत्री रविंद्र चौबे को क्यों कहा कि आप की सरकार करती है मुंगेली जिले से नफरत, अध्यक्ष ने किसे कहा गरीब विधायक

**रायपुर।** मौजूदा सरकार के अंतिम विधानसभा सत्र का आज आखिरी दिन था 12 बजे तक चले प्रश्नकाल में विपक्ष के साथ ही साथ पक्ष के भी विधायकों ने बड़ी संख्या में सवाल लगाए थे। हास-परिहास के साथ ही नोकझोंक भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चलती रही। इसमें आसंदी पर बैठे स्पीकर चरणदास महंत ने भी जमकर चुटकी ली।





लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह ने सवाल लगाया था कि लोरमी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन विहिन एवं जर्जर अवस्था में है? साथ ही भवन विहिन स्कूलों के लिए कब तक नवीन स्कूल भवन स्वीकृत कर निर्माण किया जाएगा एवं जर्जर स्कूलों का मरम्मत कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? जिस पर मंत्री ने लिखित जवाब पेश किया कि लोरमी विधानसभा क्षेत्र के 16 स्कूल भवन विहिन व जर्जर अवस्था में है। विधायक धर्मजीत सिंह ने आगे प्रश्न किया कि पिछले 4 सालों में लोरमी विधानसभा में कहां-कहां पर नवीन प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल खोले गए हैं या उन्नयन किया गया है विस्तृत विवरण देवें?

जिसके लिखित जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने जानकारी निरंक होने की बात लिखी थी। जिसमें विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि चार साल से अधिक सरकार के कार्यकाल को हो गए हैं, और लोरमी विधानसभा में 1 भी स्कूल खोला नहीं गया है। ऐसा लगता है कि इस सरकार को मुंगेली जिले और लोरमी विधानसभा से नफरत है। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने जवाब देते हुए कहा कि आदरणीय धर्मजीत भैया आपको यह गलतफहमी है कि सरकार को मुंगेली जिले से नफरत है। आप सदन के सबसे सम्मानीय विधायक हैं। सरकार को और मुझे मुंगेली जिले तथा आपसे बहुत ही स्नेह हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने मुंगेली जिले की 203 जर्जर शालाओं के मरम्मत हेतु 65 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी है।



# वैश्विक सुस्ती से भारत को घरेलू खपत दे रही स्वाभाविक सहारा : विश्व बैंक अध्यक्ष अजय

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी घरेलू खपत से स्वाभाविक सहारा मिल रहा है क्योंकि देश की जीडीपी का बड़ा हिस्सा घरेलू मांग पर आधारित है। बंगा ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जी20 सम्मेलन और भारत एवं विश्व बैंक के बीच सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा, हमने जी20 बैठक से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि विश्व बैंक और भारत किस तरह से जी20 से इतर भी काम कर सकते हैं। विश्व बैंक के लिए भारत पोर्टफोलियो के लिहाज से सबसे बड़ा बाजार है और हमारे तमाम हित यहां से जुड़े हैं। जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की गांधीनगर में बैठक संपन्न हुई है। इसमें विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष जैसे बहुपक्षीय विकास संस्थानों की भूमिका पर भी चर्चा हुई। विश्व बैंक का प्रमुख बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बंगा इस समय भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने जून की शुरूआत में इस अंतरराष्ट्रीय संगठन की कमान संभाली थी।



बंगा ने विश्व अर्थव्यवस्था के परिदृश्य पर कहा कि अगले साल की शुरूआत में सुस्ती को लेकर अधिक जोखिम दिख रहा है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी घरेलू खपत के दम पर राहत मिल सकती है। बंगा ने कहा, ह्यभारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का बड़ा हिस्सा घरेलू खपत से आता है। ऐसे में अगर कुछ महीनों के लिए दुनिया में सुस्ती आती है तो भी घरेलू खपत पर आधारित होना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए स्वाभाविक सहारा होगा। विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में बंगा ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि हमने सोच से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन मेरा अब भी मानना है कि अगले साल की शुरूआत में सुस्ती को लेकर अधिक जोखिम है। मैंने जी20 बैठक में भी कहा कि पूवार्नुमान किस्मत नहीं हैं और आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि पूवार्नुमान सही ही होते हैं।

बंगा ने दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान एक कौशल विकास केंद्र का भी दौरा किया जहां पर उन्होंने छात्रों के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान बंगा ने संवाददाताओं से कहा कि भारत कोविड महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है, लेकिन उसे यह रफ्तार आगे भी कायम रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक सुस्ती के दौर में कई ऐसे कदम उठा रहा है जो उसे आगे रखने में मदद कर रहे हैं। उच्च आय वाली नौकरियों में संभावित वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर बंगा ने कहा, ह्यह्यहमें यह समझना होगा कि ये नौकरियां कहां हैं। ये नौकरियां प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हैं और बहुत कम संख्या में हैं। फिर विनिर्माण क्षेत्र में ऐसी नौकरियां हैं।

भारत के सामने फिलहाल मौका है कि वह चीन प्लस वन रणनीति का फायदा उठाए। चीन प्लस वन रणनीति के तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने विनिर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती हैं। इसके लिए भारत भी एक संभावित दावेदार के तौर पर उभरकर सामने आया है। बंगा ने कहा, भारत को यह ध्यान रखना होगा कि इस रणनीति से पैदा होने वाला अवसर उसे 10 साल तक नहीं मिलता रहेगा। यह तीन से लेकर पांच साल तक उपलब्ध रहने वाला अवसर है जिसमें आपूर्ति श्रृंखला को अन्य देश में ले जाने या चीन के साथ अन्य देश को जोड़ने की जरूरत है।

## टेस्ला इन की एक चेतावनी और 20 अरब डॉलर से ज्यादा घटी एलन मस्क की दौलत

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर अरबपतियों में से एक और लग्जरी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मालिक एलन मस्क की संपत्ति गुरुवार को 20.3 अरब डॉलर कम हो गई और इसके साथ ही कंपनी के शेयर भी गिर गए। ऐसा तब हुआ जब मस्क की ही कंपनी टेस्ला इंक ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कंपनी को इलेक्ट्र्क वाहनों की कीमतों में कटौती जारी रखनी पड़ सकती है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग ने दी।अरबपतियों की कुल कमाई में अब तक की सातवीं सबसे बड़ी गिरावट आई है। इस बार इंडेक्स की लिस्ट में शामिल अरबपतियों के कुल नेटवर्थ में 234.4 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही दुनिया के दो सबसे अमीर लोगों मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट के बीच संपत्ति का अंतर यानी वेल्थ गैप कम हो गया है। मस्क की संपत्ति अभी भी लग्जरी सामान निमार्ता छ्श्टल्र के चेयरमैन अरनॉल्ट से लगभग 33 अरब डॉलर ज्यादा है।ब्लूमबर्ग की सबसे अमीर अरबपतियों की लिस्ट में मस्क एकमात्र अमेरिकी टेक्नोलॉजी अरबपति नहीं थे जिनका दिन ठीक नहीं था। इसमें जेफ बेजोस, लैरी एलिसन और मार्क जुकरबर्ग जैसे कई अरबपतियों का नाम भी शामिल है।




## शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों के डूबे 2.14 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** काफी दिनों की रैली के बाद आज सेंसेक्स और निफ्टी क्रैश कर गए। सेंसेक्स बाजार खुलते ही दो मिनट में 750 अंकों तक गिर गया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी में भी 100 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट की वजह से शेयर बाजार निवेशकों को कुछ ही मिनटों में 2.14 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। शेयर बाजार में गिरावट की वजह विदेशी बाजारों को माना जा रहा है, जहां बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

शेयर बाजार में गिरावट की वजह से शेयर बाजार निवेशकों के दो मिनट में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए। निवेशकों का फायदा और नुकसान बीएसई के मार्केट कैप से जुड़ा हुआ है। एक दिन पहले जब बीएसई बंद हुआ था तो मार्केट कैप 3,04,04,787.17 करोड़ रुपए पर था। वहीं जब आज 9 बजकर 17 मिनट पर बीएसई 66,822.15 अंकों पर कारोबार कर रहा था तो मार्केट कैप 3,01,90,520.52 करोड़ रुपए पर आ गया। इसका मतलब है कि बाजार खुलने के दो मिनट के अंदर निवेशकों को 2,14,266.65 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। 10 बजे तक बीएसई का मार्केट कैप 3,03,39,951.78 करोड़ पर पहुंच गया था।बाजार खुलने के कुछ समय बाद ही सेंसेक्स 750 अंकों की गिरावट के साथ 66,822.15 अंकों पर कारोबार कर रहा था। सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर सेंसेक्स 595.21 अंकों की गिरावट के साथ 66,976.69 अंकों पर कारोबार कर रहा था। फिलहाल सेंसेक्स 829.81(1.23%) अंकों की गिरावट के साथ 66,742.09 और निफ्टी 227.95 (-1.14%) अंक टूटकर 19,751.20 पर कारोबार कर रहा है।शेयर बाजार में गिरावट की सबसे बड़ी वजह आईटी कंपनियों में गिरावट को माना जा रहा है। इंफोसिस के शेयरों में करीब करीब 8 फीसदी गिरावट देखने को मिल रही है और निफ्टी में टॉप लूजर बना हुआ है। एचसीएल के शेयरों में करीब 3 फीसदी की गिरावट देखने को मिल रहा है। विप्रो के शेयरों में करीब दो फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

## अशोक लीलैंड का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में आठ गुना होकर 576 करोड़ रुपए रहा




**मुंबईः** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर आठ गुना होकर 576 करोड़ रुपए रहा। चेन्नई स्थित वाणिज्यिक वाहन विनिमार्ता को पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 68 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था।अशोक लीलैंड की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पहली तिमाही के लिए राजस्व 8,189 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 7,223 करोड़ रुपए था। अशोक लीलैंड के कार्यकारी चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान कारोबार में वृद्धि बरकरार रही। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम लागत कम करते हुए बाजार में उत्कृष्ट परिणाम देने में सक्षम रहे। हमने पहली तिमाही में बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना जारी रखा।"

## घी-मक्खन के घट सकते हैं दाम, जीएसटी दरों में कटौती कर सकती है सरकार



**जालंधर।** टमाटर और सब्जियों की महंगाई की मार झेल रही जनता को आने वाले दिनों में घी और मक्खन की कीमतों में थोड़ी राहत मिल सकती है। दरअसल सरकार घी और मक्खन पर माल एवं सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों को कम करने का प्रस्ताव लाने वाली है। सूत्रों का कहना है कि घी और मक्खन दोनों पर 12 फीसद की दर से जी.एस.टी. लगता है और केंद्र सरकार इसे घटाकर पांच फीसद करने की तैयारी कर रही है।

दूध की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और लोगों को इससे भी राहत नहीं मिल पाई है। पिछले एक साल में दूध 10.1 फीसद और 3 साल में 21.9 फीसद महंगा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने सरकार से घी और मक्खन पर जी.एस.टी. कम करने का अनुरोध किया है। विभाग ने वित्त मंत्रालय से कहा है कि वह इसे लेकर जीएसटी फिटमेंट कमेटी के सामने प्रस्ताव रखे है। उसके बाद प्रस्ताव को जी.एस.टी. परिषद के सामने रखा जा सकता है। अपने प्रस्ताव में डेयरी विभाग ने कहा है कि अगर आप घी को लग्जरी प्रोडक्ट की कैटेगरी में रखते हैं और इस पर 12 फीसद जीएसटी स्लैब लगाते हैं तो इसका नुकसान उपभोक्ताओं के साथ किसानों को भी होगा।

## पूर्वोत्तर के राज्य जीएसटी संग्रह, हस्तांतरण के सफल उदाहरण : सीतारमण

**गुवाहाटीः** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह और हस्तांतरण का सफल उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त पर आरबीआई की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वोत्तर के आठ राज्यों ने जीएसटी में 27.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। सीतारमण केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार देने के लिए किया गया था।

मंत्री ने कहा कि असम जीएसटी अधिनियम पारित होने के चार दिन बाद इसकी पुष्टि करने वाला पहला राज्य था और तब से कर संग्रह में 12 गुना वृद्धि हुई है। जीएसटी लागू होने से पहले असम का बिक्री कर संग्रह 558.26 करोड़ रुपए था लेकिन अब यह कई गुना बढ़कर 7,097 करोड़ रुपए हो गया है।



उन्होंने कहा कि सिक्किम और मेघालय ने भी महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। सिक्किम का कर संग्रह 263.5 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,036 करोड़ रुपए और मेघालय का कर संग्रह 587.21 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,078 करोड़ रुपए हो गया है।

सीतारमण ने कहा, "जीएसटी से कर प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, जिससे न केवल राज्यों को बल्कि आखिरकार आम लोगों को भी फायदा हुआ है।" पूर्वोत्तर के राज्यों की सीमाएं चार देशों के साथ लगती हैं और यहां 25 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन (एलसीएस) चालू हैं। इनमें से केवल 15 में इलेक्ट्रॉनिक सुविधाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि दिसंबर तक शेष एलसीएस में भी इलेक्ट्रॉनिक सुविधाएं होनी चाहिए।






## गदर 2 का नया मोशन पोस्टर रिलीज

**सिनेमा** जगत से हर रोज कोई न कोई बड़ी खबर सामने आती है। मनोरंजन इंडस्ट्री से जुड़े सितारे रोजाना किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। कोई अपनी आने वाली फिल्मों की रिलीज को लेकर, तो कोई अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है। ऐसे में फिल्मी रैप के जरिए हम आपको दिन भर की मनोरंजन की 10 बड़ी खबरों की जानकारी देते हैं। तो चलिए जानते हैं कि आज मनोरंजन जगत में क्या कुछ हुआ...

सनी देओल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गदर 2' को लेकर चर्चा में हैं। फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज फिल्म का नया मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। इसमें सनी देओल और एक्टर उत्कर्ष शर्मा जबर्दस्त लुक में नजर आ रहे हैं। सनी देओल के तेवर देखने लायक हैं। बैकग्राउंड में गोलाबारी की आवाज आ रही है। नया मोशन पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में दर्शकों को जबर्दस्त एक्शन देखने को मिलेगा।

# डिसरप्टर अवार्ड से भूमि पेडनेकर को किया जाएगा सम्मानित



**भूमि** पेडनेकर को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2023 में प्रतिष्ठित डिसरप्टर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा .एक्ट्रेस ने बधाई दो, भीड, शुभ मंगल सावधान, बाला और जैसै अन्य फिल्मों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं. बता दें कि भूमि ने फिल्म उद्योग में अपने लिए एक खास जगह बनाई है. अपनी अभिनय क्षमता से परे भूमि ने जलवायु परिवर्तन के लिए हमेशा से अपनी आवाज उठाई है और जागरूकता फैलाते हुए उसके प्रति बढ चढ़ के हिस्सा लिया है. वहीं पुरस्कार समारोह फेस्टिवल के पहले दिन, 11 अगस्त को होगा, जहां भूमि पर्यावरण से जुड़ी खास बातों पर चर्चा करेंगी और कैसे वो इस काम में अपनी भूमिका को और मजबूत करेगी. सम्मान के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए, भूमि ने कहा, मैं आईएफएफएम से डिसरप्टर ऑफ द ईयर पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बहुत आभारी हूं. यह मान्यता मेरे लिए बहुत महत्व रखती है. आगे भूमी ने कहा की मेरा उद्देश्य प्रभावशाली जीवन जीना है और सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है और लैंगिक समावेशिता के लिए संघर्ष करके पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने की दिशा में काम करके समाज को बेहतर बनाना है.

एक्ट्रेस का कहना है कि आईएफएफएम की यह स्वीकृति उनके विश्वास को मजबूत करती है कि वो सही रास्ते पर चल रही हैं और सही दिशा में प्रगति कर रही हैं वहीं भूमि ने बताया की वो इस साल आईएफएफएम में उपस्थित सभी लोगों के साथ सिनेमा की शक्ति और रचनात्मक भावना का जश्न मनाने के लिए बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं. वर्ड लेवल पर इंडियन सिनेमा को बढ़ावा देने और कलाकारों को अपना काम प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए फिल्म महोत्सव का अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है. विक्टोरियन सरकार के एक गणमान्य व्यक्ति द्वारा भूमि पेडनेकर को डिसरप्टर अवार्ड प्रदान किया जाएगा. जो इनटरटेमेंट इंडस्ट्री में प्रभावशाली काम को बढ़ावा देने में महोत्सव और सरकार के बीच मददगार प्रयास को उजागर करेगा.

# 'पुष्पा: द रूल' को लेकर काफी सुर्खियों में अल्लू अर्जुन

**साउथ** सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी मचअवेटेड फिल्म 'पुष्पा 2' यानी 'पुष्पाः द रूल' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। अभिनेता के फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साल 2021 मे आई उनकी ब्लॉकबस्टर पुष्पाः द राइज - पार्ट 1 का सीक्वल है। अगले साल रिलीज होने और प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए, अभिनेता ने एक कार्यक्रम में अपने आगामी सीक्वल के ट्रेलर से एक मेन डायलॉग लीक कर दिया।




साउथ सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'प्रोजेक्ट के' के टाइटल से पर्दा उठ गया है। अमेरिका में चल रहे सैन डिएगो कॉमिक-कॉन (एसडीसीसी) में काफी धूमधाम के बीच इसके आधिकारिक टाइटल की घोषणा की गई। इस फिल्म का ऑफिशियल नाम 'कल्कि 2898 एडी' है।

साथ ही टीजर जारी कर 'प्रोजेक्ट के' की बहुप्रतीक्षित झलक भी दिखाई गई। शुक्रवार सुबह टीजर को भारत में भी रिलीज कर दिया गया है। कॉमिक कॉन में प्रभास, कमल हासन और डायरेक्टर नाग अश्विन की मौजूदगी में फिल्म के टाइटल और टीजर से पर्दा उठाया गया।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .